

संलग्नक -1



# कोरोना



# जंग अभी जारी है

## लापरवाही से संक्रमण फैल सकता है

**स्वस्थ व्यवहार अपनायें, जीवन सुरक्षित बनायें**

- भीड़ में जाने पर दो गज की दूरी बनाये रखें।
- बार–बार हाथ साबुन–पानी से धोये।
- सार्वजनिक स्थल पर मुँह व नाक को ढ़के।
- लक्षण होने पर तुरंत डॉक्टर से सलाह लें।

कोरोना संबंधी जानकारी हेतु संपर्क करे

चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उ०प्र०

**1800-180-5145**

अन्य जानकारी के लिए संपर्क करे

बोलत CORONA को ना

# कोविड हेल्प डेस्क

## दो गज़ की दूरी, मास्क है जरूरी

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें | फेस कवर/ मास्क लगाएं | सैनेटाइजर/साबुन से हाथ धोएं | आरोग्य सेतु एवं आयुष सुरक्षा कवच एप का प्रयोग करें |

**कोविड संबंधी जानकारी हेतु संपर्क करें**

चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उ.प्र. **1800-180-5145**

कंट्रोल रूम जिलाधिकारी कार्यालय : 0000000000
कंट्रोल रूम मुख्य चिकित्सा अधिकारी : 0000000000
जिला सर्विलांस अधिकारी : 0000000000

नोवल कोरोना को हराना है

संलग्नक–3

# कोविड हेल्प डेस्क हेतु सामान्य जानकारी

1. कोविड हेल्प डेस्क में तैनात कर्मचारी को सदैव मॉस्क पहनना चाहिए तथा अन्य व्यक्ति/व्यक्तियों से दो गज की दूरी बनाए रखनी चाहिए।
2. हेल्प डेस्क में तैनात कर्मचारी के द्वारा कार्यालय में प्रवेश करने वाले सभी व्यक्तियों के हाथों को सैनीटाइज कराया जाएगा।
3. खांसी, बुखार, सांस लेने में परेशानी, गले में खराश आदि से पीड़ित व्यक्ति कोविड के संदिग्ध रोगी हो सकते हैं। अन्य उच्च कोविड संक्रमित राज्यों से आए व्यक्ति भी संदिग्ध रोगी हो सकते हैं। अतः ऐसे व्यक्तियों की सूचना तत्काल स्वास्थ्य विभाग के टोल फ्री नम्बर **1800–180–5145** पर दिया जाएगा।
4. कोरोना संक्रमित व्यक्ति के खांसने, छीकने अथवा संक्रमित व्यक्ति के शारीरिक सम्पर्क, संक्रमित वस्तुओं को छूने या भीड़ में रहने से कोरोना का संक्रमण प्रसारित हो सकता है। अतः इससे बचने के लिए मॉस्क पहनना चाहिए तथा अन्य व्यक्तियों से दो गज की दूरी बनाए रखनी चाहिए। हाथों को बार–बार साबनु पानी से कम से कम 30 सेकेण्ड तक धोना चाहिए। भीड़–भाड़ वाले स्थानों में जाने से बचना चाहिए।
5. हेल्प डेस्क में तैनात कर्मचारी के द्वारा सभी कर्मचारियों/आगंतुकों को आरोग्य–सेतु एप डाउनलोड करने एवं इसका सक्रिय उपयोग करने हेतु प्रेरित किया जाएगा।
6. हेल्प डेस्क में तैनात कर्मचारी के द्वारा कार्यालय परिक्षेत्र में तम्बाकू उत्पादों के प्रयोग को रोकने हेतु सार्थक प्रयास किया जाएगा।
7. कोरोना से घबराने की आवश्यकता नहीं है। उपरोक्त सावधानियॉं अपनाते हुए कोरोना से बचा जा सकता है।